झारखण्ड सरकार

झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

पत्रांक :— रा0खा0आ0 (शि0) सरायकेला–खरसावाँ / PDS –24 / 2022 – 434

प्रेषक,

संजय कुमार
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

सचिव
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांकः– 10.05.2024

विषयः— **माह मार्च 2024 का खाद्यान्न PDS विक्रेता को उपलब्ध नहीं कराये जाने के आरोप से संबंधित परिवाद पत्र पर कार्रवाई के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि श्रीमती मुन्नी देवी एवं अन्य, सरस्वती स्वयं सहायता समूह, जन वितरण प्रणाली दुकानदार, अनु0 सं0–63 / 2011 का परिवाद पत्र आयोग को प्राप्त हुआ है। परिवादीगण द्वारा सहायक गोदाम प्रबन्धक के विरूद्ध माह मार्च 2024 का खाद्यान्न नहीं दिये जाने एवं फर्जी हस्ताक्षर करने का आरोप लगाया गया है।

अतः प्राप्त परिवाद पत्र की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा रही है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करने की कृपा की जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

10/5/24

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

C:\Users\PC-06\Dropbox\Anju\Vinod Sir.docx782

पता–झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के पुराने भवन का द्वितीय तल, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची–834002
email-jharfoodcommission@gmail.com, Ph. No:-06512252267/2252261

MO.NO. 7870512974 DATE 09/04/2024 complaint no. WA/413/2024
Saraikela-Kharsawan

दिनांक 08.03.2024 (299)

सेवा में,

श्रीमान् अध्यक्ष
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग
राँची ।

विषय : माह मार्च 2024 के खाद्यान्न चावल, गेहूँ चना दाल एवं अन्य समान A.G.M. के द्वारा नहीं देने के संबंध में ।

महाशय,

M.S
10.4.24
10/4/24
10/04/24
651
10.4.24

उपरोक्त विषय और प्रसंग के संबंध में कहना है कि हमलोग महिला समिति जन वितरण प्रणाली का दुकान सरस्वती स्वयं सहायता समूह अनुज्ञप्ति संख्या 63/2011 आदित्यपुर की दुकानदार हूँ । श्रीमान् माह मार्च 2024 के चावल, गेहूँ, चना दाल हमलोगों को अभी तक नहीं दिया गया है, मांगे जाने पर AGM अभिषेक हाजरा के द्वारा कहा जाता है कि हम राशन दे दिये हैं जबकि हमलोगों को महिला समिति का राशन आज तक नहीं मिला है गोदाम के ऑपरेटर अशोक शर्मा के द्वारा खाद्यान्न का डिस्पेज कर दिया गया है जो नियमित गलत हुआ है, इसकी जाँच की जा सकती है । श्रीमान् DSD के द्वारा कहा गया है कि हम राशन नहीं पहुँचाये है इसकी जाँच भी की जा सकती है और हमलोगों को महिला समिति का AGM के द्वारा जाली हस्ताक्षर किया गया है इसकी भी जांच किया जाये। श्रीमान् हमलोग महिला समिति के पास माह मार्च का पोटल बन्द होने में मात्र 8 दिन बचा हुआ है .। जिसके कारण लाभुकों को ससमय राशन मिल सके ।

श्रीमान् हमलोग ने इसकी शिकायत प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी को भी दी है पर हमलोगों को अभी तक खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराया गया है।

अतः श्रीमान् से हमलोगों का प्रार्थना है कि माह मार्च का चावल, गेहूँ, चना दाल जल्द से जल्द दिलाने की कृपा की जाये, ताकि हमलोग 8 दिनों के अन्दर मार्च माह 2024 का राशन लाभुकों में वितरण कर सकूँगी ।

आपका विश्वासी
सरस्वती स्वंय सहायता समुह
अनुज्ञप्ति संख्या 63/2011 आदित्यपुर ।

अध्यक्ष	सचिव	कोषाध्यक्ष
मुन्नी देवी	Shaily Kumari	कविता देवी

Scanned with OKEN Scanner